कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खेरथा जिला–बालोद छ0ग0

क्र0 574/2019 खेरथा दिनांक 23/07/2019

प्रति,

प्राचार्य,
अग्रणी महाविद्यालय,
शास0 घनश्याम सिंह गुप्त,
स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद छ0ग0।

विषयः– जल संरक्षण अभियान कार्यक्रम संबंधी पालन प्रतिवेदन का प्रेषण ।

संदर्भः– कलेक्टर बालोद का पत्र क्र0 6274/2019 बालोद दिनांक 16/07/2019

उपरोक्त विषयांतर्गत शासकीय महाविद्यालय खेरथा जिला बालोद छ0ग0 जल संरक्षण विषय पर पर संगोष्ठी आयोजन कर पालन प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है

1C 58
23.07.19

संलग्नः– उपरोक्तानुसार ।

(डॉ0 आलोक मिश्रा)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय खेरथा
जिला–बालोद छ0ग0

Govt. College Khertha
Khertha
Distt. Balod
Balod (C.G.)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

प्रतिवेदन

जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी

आज दिनांक 22 जूलाई 2019 को कलेक्टर महोदया के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय खेरथा जिला – बालोद में जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। *जल है तो कल है...* शीर्षक के साथ संगोष्ठी का आरंभ विद्यार्थियों के विचार प्रस्तुतिकरण से हुआ। सर्वप्रथम बी.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अनिल मानकर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। अनिल मे जल की लगातार होती कमी को ध्यान में रखते हुए उसके महत्व को इंगित किया। विद्यार्थियों की ओर से तिलोक कुमार ने भी जल के महत्व को प्रतिपादित करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय स्टाफ की ओर से प्रयोगशाला तकनीशियन श्री हितेन्द्र वर्मा ने कहा कि बालोद जिले में ही लगातार सभी बांधों, तलाबों और नदियों की स्थिति को देखकर ही यह समझा जा सकता है कि यदि हम आज से ही जल को संरक्षित करने के लिए दृढ़ता नही दिखाते हैं तो आने वाला कल कितना भयावह हो सकता है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक प्राध्यापक भूगोल श्री उमेश पाठक ने कहा कि जल का बचाने के हमारे पास दो रास्ते हैं पहला वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण करें, दूसरा उपलब्ध जल का न्यूनतम उपयोग करें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ही हमारे आस पास कंटिले झाड़ियों का उगना ही यह प्रदर्शित करता है कि हम मरूस्थलीकरण की ओर आगे बढ़ रहे हैं। अगले क्रम में अपने उद्‌बोधन में सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र श्री यासर कुरैशी ने कहा कि जिस तरह से दक्षिण आफीका का शहर केपटाउन शून्य जल वाला शहर बन गया, भारत में चेन्नई सहित कई अन्य शहरों में पानी की समाप्ति के संकेत मिल रहे हैं कहीं ऐसा न हो कि वो स्थिति गॉवों में भी हो जाए इसलिए जल संरक्षण अति आवश्यक है। अंतिम उद्‌बोधनकर्ता के रूप में प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुधा सोनी, प्राध्यापक हिन्दी ने कहा कि जल को बचाए रखने के हरसंभव प्रयास करने चाहिए, जिसमें जल स्रोतों के आस–पास वृक्षारोपण करना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। संगोष्ठी का संचालन करते हुए प्रयोगशाला तकनीशियन श्री अनिल राजपूत ने भी जल संरक्षण पर अपने विचार प्रकट किए तथा अंतिम में आभार प्रदर्शन किया।

Govt. College Khertha
Khertha
Distt. Balod
Balod (C.G)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

23.07.19

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय, खेरथा
जिला बालोद (छ. ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बालोद, जिला–बालोद (छ.ग.)

दूरभाष – 07749-223945 ई-मेल – eebalod-phe-cg@nic.in फैक्स – 07749-223944

क्रमांक 2103 / त.शा. / का.अभि. / लो.स्वा.यां.वि. / 2016 बालोद, दिनांक 25/7/16

प्रति,

सहायक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड
डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.)

विषय :– शासकीय महाविद्यालय खेरथा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संबंधी प्राक्कलन प्रदाय बाबत्।

संदर्भ :– प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खेरथा का पत्र क्र. 144 दिनांक 04.07.2016

----::00::----

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खेरथा के द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु प्राक्कलन की मांग की गई है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त स्थल का स्थल निरीक्षण कर वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण हेतु प्राक्कलन तकनीकी प्रतिवेदन एवं ड्राईंग डिजाईन सहित शीघ्र प्रस्तुत करें, ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

संलग्न :– संदर्भित पत्र की छायाप्रति।

25/7/16
कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बालोद
जिला–बालोद (छ.ग.)

पृ.क्रमांक 2104 / त.शा. / का.अभि. / लो.स्वा.यां.वि. / 2016 बालोद, दिनांक 25/7/16

प्रतिलिपि :–

प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला बालोद की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

25/7/16
कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बालोद
जिला–बालोद (छ.ग.)

Govt. College Khertha
Khertha
Distt. Balod
Balod (C.G.)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

551 ls 15